संख्या:211/2016/2219जेएल/22-3-16-100(57)/2016

प्रेषक,

हरि नारायण गिरि,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3 ***लखनऊ: दिनांक: 09 जून, 2016***

विषय: जिला कारागार, मुजफ्फरनगर में निरूद्ध 04 विचाराधीन बंदियों प्रशासनिक आधार पर अन्यत्र कारागार में स्थानान्तरित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-14523/सामा-1(3)/गाजियाबाद/मेरठ मं0/2011, दिनांक 17-05-2016 में की गयी संस्तुति के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 जेल मैनुअल के प्रस्तर-128 सपठित-409ए में निहित प्राविधानों के अनुसार जिला कारागार, मुजफ्फरनगर में निरूद्ध निम्नलिखित 04 (चार) विचाराधीन बंदियों को प्रशासनिक आधार पर उनके नाम के सम्मुख कालम-4 में अंकित कारागारों में स्थानान्तरित किये जाने की स्वीकृति **इस शर्त के अधीन प्रदान की जाती है कि बंदियों को स्थानान्तरित किये जाने से पूर्व विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या-1735-1739/2012-महाराष्ट्र राज्य बनाम सईद सुहैल शेख व अन्य में मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्राविधानित व्यवस्था के अनुसार मा0 विचारण न्यायालयों की पूर्वानुमति अधीक्षक, जिला कारागार, मुजफ्फरनगर द्वारा अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी** :-

क्र.स.	विचाराधीन बंदी का नाम/पिता का नाम	निरूद्धी की वर्तमान कारागार	कारागार का नाम जहाँ स्थानान्तरित किया जाना है।
1	2	3	4
1	फुरकान पुत्र श्री मीरहसन	जि0का0 मुजफ्फरनगर	जि0का0 सीतापुर
2	जमशेद पुत्र श्री इशरत अली	जि0का0 मुजफ्फरनगर	जि0का0 मीरजापुर
3	वसीम पुत्र श्री मुस्तकीम	जि0का0 मुजफ्फरनगर	जि0का0 आजमगढ़
4	गय्यूर पुत्र श्री मंजूरा	जि0का0 मुजफ्फरनगर	जि0का0 सिद्धार्थनगर

2- कृपया उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए कृत कार्यवाही की अनुपालन आख्या शासन को अविलम्ब उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(हरि नारायण गिरि)
अनु सचिव।

संख्या:211/2016/2219जेएल(1)/22-3-16-तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. जिला मजिस्ट्रेट, मुजफ्फरनगर/सीतापुर/मीरजापुर/आजमगढ़/सिद्धार्थनगर।
2. पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरनगर/सीतापुर/मीरजापुर/आजमगढ़/सिद्धार्थनगर।
3. अधीक्षक, जि0का0, मुजफ्फरनगर/सीतापुर/मीरजापुर/आजमगढ़/सिद्धार्थनगर।
4. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(हरि नारायण गिरि)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in